आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 01.08.2025
समय 720

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के विस्तार के लिए छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये के कुल परिव्यय को मंजूरी दी।
- केंद्र सरकार ने टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन परियोजना के लिए उत्तराखंड सरकार से सहमति देने को कहा।
- हरिद्वार जिले में ऑपरेशन कालनेमि अभियान के तहत छद्म वेशधारियों पर कार्रवाई जारी, पुलिस ने 20 और बहुरूपियों को पकडा।
- प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान जारी केन्द्र की प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल 6 हजार पांच सौ 20 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025–26 से 2028–29 तक चार वर्षों की अवधि के लिए 2000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एनसीडीसी को भी मंजूरी दी है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों के लिए चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क का लगभग 574 किलोमीटर विस्तार हो जाएगा। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 11 हजार 169 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 229 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होगा।

ऑपरेशन कालनेमि

हरिद्वार जिले में ऑपरेशन कालनेमि अभियान के तहत पुलिस ने बीस बहुरूपी बाबाओं को पकड़ा। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। प्रदेश में ऑपरेशन कालनेमि अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर थानाध्यक्ष श्यामपुर नितेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने में चैकिंग के दौरान बीस बहरुपीय बाबाओं को पकड़ा है। इन सभी को श्यामपुर की पुलिस टीम ने चंडीघाट, नमामि गंगे घाट और चिड़ियापुर के आसपास से हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार ये सभी बाबा के भेष में तन्त्र–मन्त्र, जादू –टोना आदि की कलाओं को दिखाकर स्थानीय व्यक्ति एवं यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे।

ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन– ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। आयोग ने कहा कि पिछले वर्ष हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान वीवीपैट पर्चियों की गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। निर्वाचन आयोग ने कहा कि 10 उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर, 10 विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम की जाँच और सत्यापन किया गया। आयोग ने कहा कि सभी मामलों में मशीनें जांच में सफल रहीं।

लाइसेंस मिला

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि एलन मस्क की कम्पनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने का लाइसेंस मिल गया है। उन्होंने कहा कि इसके सुचारू कार्यान्वयन के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन की रूपरेखा भी तैयार है। श्री सिंधिया ने मोबाइल टेलीफोनी के 30 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में मोबाइल कॉन्क्लेव में कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की डिजिटल यात्रा असाधारण रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में दूरदराज के गांवों और महानगरों तक डिजिटल पहुँच ने नागरिकों को सशक्त बनाया है।

टनकपुर– बागेश्वर रेल लाइन परियोजना

केंद्र सरकार ने टनकपुर– बागेश्वर रेल लाइन परियोजना पर काम शुरु करने के लिए उत्तराखंड सरकार से औपचारिक तौर पर सहमति देने को कहा है। राज्य सरकार जल्द ही इस दिशा में आधिकारिक पत्र केंद्र सरकार को भेजेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को इस दिशा में शीघ्र औपचारिकताएं पूरी करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बागेश्वर–टनकपुर रेललाइन पर काम शुरु करने के लिए समस्त औपचारिकताएं तेजी से पूरी की जा रही है। इसी तरह ऋषिकेश–उत्तरकाशी और देहरादून–सहारनपुर रेलवे लाइनों की भी फाइनल डीपीआर तैयार की जा रही है। केंद्र सरकार उत्तराखंड में रेल नेटवर्क को मजबूत करने में पूरा सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन को कुमांउ क्षेत्र में रेल नेटवर्क विस्तार की दिशा में गेम चेंजर प्रोजेक्ट के रूप में देखा रहा है। करीब 170 किमी लंबी इस परियोजना के लिए फाइनल सर्वे का काम पूरा हो चुका है। अब अगले चरण में परियोजना पर राज्य सरकार से विचार विमर्श होना है।

पंचायतीराज मंत्री

पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से शिष्टाचार भेंट की और विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने 2025–26 राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत उत्तराखंड को 193.84 करोड़ की धनराशि दिए जाने पर आभार जताया है।

सतपाल महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से कहा कि हिमालयी राज्य एवं दुर्गम परिस्थितियों के दृष्टिगत समस्त त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रतिनिधियों का ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यकम कराया जाना अति आवश्यक है। इसलिए क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक धनराशि उत्तराखंड के लिए मांग की।

नशा मुक्त देवभूमि अभियान

नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत हरिद्वार जिले के रानीपुर कोतवाली पुलिस ने दंपति व एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से आठ किलो गांजा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली रानीपुर पुलिस व एएनटीएफ टीम द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए चौकिंग अभियान के दौरान तीन नशा तस्करों को विष्णुलोक जाने वाले कच्चे रास्ते एक संदिग्ध पुरुष व दो महिलाओं को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें आरोपित मुस्ताक पुत्र ताहिर के पास से 2.045 किलो गांजा, महिला पत्नी मुस्ताक और पत्नी नवाब के पास से 5.870 किलो अवैध गांजा बैगों से बरामद हुआ। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 7 से अधिक किलो गांजा बरामद हुआ।

मौसम

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत पौड़ी, टिहरी, नैनीताल और बागेश्वर जिले में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में बिजली चमकने के साथ तेज बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने छह अगस्त तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना जताई है।

कारण बताओ नोटिस

बागेश्वर में बच्चे के इलाज में लापरवाही पर प्रदेश सरकार ने सख्त रूख अपनाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की जांच कुमाऊं मंडलायुक्त को सौंपी है। वहीं बागेश्वर जिले में पांच अस्पतालों में इलाज न मिलने के बाद सैनिक के डेढ़ साल के बच्चे की मौत मामले में शासन ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समेत चार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभागीय प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर स्वास्थ्य सचिव ने सवाल उठाते हुए कहा, शासन स्तर पर जिला अस्पतालों से मरीजों को रेफर करने के लिए दिशानिर्देश जारी होने के बाद भी जांच रिपोर्ट में रेफरल प्रक्रिया में स्पष्ट चिकित्सकीय आधार का अभाव है। जांच में पीड़ित का पक्ष नहीं लिया गया। इसके अलावा मरीज रेफर से पूर्व की गई चिकित्सकीय प्रक्रिया का विवरण भी रिपोर्ट में नहीं है।

मनसा देवी हादसा

हरिद्वार मनसा देवी मार्ग पर गत दिनों हुए हादसे में घायल एक महिला की एम्स में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। भगदड़ में गंभीर घायल महिला को एम्स ट्रॉमा के रेड जोन में भर्ती किया गया था। गौरतलब है कि बीते रविवार को हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया था। भगदड़ में आठ लोगों की मृत्यु हो गई थी। जबकि कई लोगघायल हो गए थे।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग– अलग सुर्खियों को प्राथमिकता दी है।

केंद्र ने भूस्खलन न्यूनीकरण के लिए 125 करोड़ रूपये मंजूर किये, अमर उजाला की सुर्खी है। समाचार पत्र के अनुसार डीपीआर तैयार करने के लिए पहले चरण में साढ़े चार करोड़ रूपये की धनराशि जारी कर दी गई है।

उत्तराखंड में पीएम आवास योजना का लाभ लेने वालों की दोबारा जांच होगी। हिंदुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– हर सरकारी योजना का लाभ केवल पात्र लोगों को ही मिले, गलत तरीके से लाभ लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में एकीकृत पंचायत भवनों में बैठेंगे वीडीओ, पटवारी और आशा कार्यकर्ता। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एकीकृत पंचायत भवनों के निमार्ण के दिये निर्देश।

एक अन्य खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– राज्य में पंचायत सुधार के लिए व्यय किये जाएंगे 193 दशमलव आठ चार करोड़, समाचार पत्र के अनुसार ये धनराशि त्रिस्तरीय पंचायतों के सुदृढ़ीकरण और नवनिर्वचित पंचायत प्रतिनिधियों के क्षमता विकास प्रशिक्षण, अध्ययन भ्रमण, पंचायत भवनों के निर्माण, कम्प्यूटरीकरण और पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थपना जैसे कार्यों पर खर्च किये जाएंगे।